सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
बिहार सरकार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–**324**
28/03/202

राज्यपाल से भारतीय प्रशसनिक सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की

पटना 28 मार्च, 2026 :–माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) से भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2024 बैच के बिहार कैडर के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने बिहार लोक भवन, पटना में शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी के पास एक स्पष्ट लक्ष्य एवं निर्धारित सीमाओं के भीतर उसे प्राप्त करने की सुविचारित योजना होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अधिकारियों तक आमजन की पहुँच सहज और सरल होनी चाहिए; जितनी अधिक सुगमता से लोग अधिकारियों तक पहुँच पाएँगे, उतनी ही उनकी सफलता सुनिश्चित होगी।

राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर क्षमता निहित होती है, जिसे एक नेतृत्वकर्ता के रूप में पहचानना अधिकारियों का दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को अच्छाइयों का सम्मान करने तथा परामर्श की भावना को विकसित करने की सलाह दी, क्योंकि सामूहिक विचार–विमर्श से बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। साथ ही, उन्होंने अपने पूर्ववर्ती अधिकारियों के कार्यों के प्रति सम्मान बनाए रखने और उनकी उपलब्धियों को आगे बढ़ाते हुए अपने उत्तराधिकारियों के लिए एक सुदृढ़ आधार छोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उच्च विश्वसनीयता और संवेदनशीलता किसी भी अधिकारी के अनिवार्य गुण हैं, जो उन्हें जनसेवा में उत्कृष्ट बनाते हैं।

माननीय राज्यपाल ने कहा कि विगत दो दशकों में बिहार ने उल्लेखनीय प्रगति की है और देश के समग्र विकास में उसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अधिकारियों से इस राज्य को और आगे बढ़ाने हेतु प्रयास करने को कहा।

प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने भी अपने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० रॉबर्ट एल० चोंग्थू एवं राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग भी उपस्थित थे।

....